# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0
## चित्रकूट

पत्रांक /  दिनांक

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी(वि0 / रा0)
चित्रकूट

विषय : जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लिमिटेड द्वारा मार्गों के समानान्तर पाइप डालने के सम्बन्ध में

सन्दर्भ : आपका पत्रांक 1027 / आयुध सहायक / 2021 दिनांक 28-09-2021

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लिमिटेड द्वारा निम्नलिखित मार्गों के समानान्तर पटरी से नीचे वाटर पाइपलाइन डालने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है-

1. सरैया से ऐंचवारा
2. सरैया से चन्द्रामारा / बहिलपुरवा / रुखमाखुर्द / करका पड़रिया
3. सरैया से मानिकपुर
4. मानिकपुर से गढ़ गुरदरी
5. मानिकपुर से इटवां डुडैला
6. मानिकपुर से कुवरी
7. मानिकपुर से हेला
8. मानिकपुर से चुरेह केशरुवा
9. गढ़ीकला से गौरिया
10. गढ़ीकला से मदना / चरदहा

<u>निम्न शर्तों के अनुसार कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाती है –</u>

1. यह अनुमति सडक के नीचे से केबल पाइप लाइन डालते समय या ब्लास्टिंग करते समय पेन्टेड सतह को कोई नुकसान नही होना चाहिये तथा कार्य किये जगह पर पूर्व अवस्था में लाना कम्पनी की जिम्मेदारी होगी।
2. मार्ग पर पाइपलाइन डालते समय यातायात के सुगम संचालन हेतु आवश्यक साइन बोर्ड, बैरियर एवं रात्रि के समय लाल या हरी बत्ती लगाने के बाद ही कार्य किये जायेंगे।
3. पाइपलाइन डालते समय यह ध्यान रखा जाये कि कोई दुर्घटना न हो यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी पाइपलाइन डालने वाली एजेंसी की होगी।
4. कृपया सम्बन्धित अधिकारी का नाम / पद, मोबाइल नं0 अवगत कराया जाये कि ताकि आवश्यकता पडने पर तुरन्त सम्पर्क किया जा सके।
5. पाइपलाइन डालने से यदि लो0नि0वि0 या किसी विभाग की सम्पत्तियां यूटिलिटी को किसी प्रकार की क्षति होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आप की कम्पनी की होगी।
6. भविष्य में मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु पाइपलाइन को स्थानांतरित करने की आवश्यकता होती है तो स्थानांतरित करना होगा और इस पर होने वाले व्यय आपको स्वयं वहन करना होगा।



Ashish Bharti
5/2/22
Assistant Engineer
C.U.U.P. Jal Nigam
Karwi-Chitrakoot

7. उपरोक्त शर्तों का अनुपालन न करने पर एन0ओ0सी0 निरस्त समझी जायेगी।

8. वन क्षेत्र पडने पर वन विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त की जाये।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
चित्रकूट

पत्रांक 1228/C1 दिनांक 08/x/2021

प्रतिलिपि :

1. अपर जिलाधिकारी, चित्रकूट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. उपजिलाधिकारी, मानिकपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. परियोजना प्रबन्धक, जल निगम को इस आशय से प्रेषित कि मानिकपुर क्षेत्र ब्लाक के अन्तर्गत कौन–कौन एजेंसी कार्य कर रही है की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि मार्गों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके।
4. सहायक अभियन्ता द्वितीय, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 चित्रकूट को सूचनार्थ प्रेषित।
5. सम्बन्धित सभी अवर अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, चित्रकूट को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि समय–समय पर क्षेत्र का भ्रमण कर आख्या उपलब्ध कराने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
चित्रकूट

Ashish Bharti
5/2/22
Assistant Engineer
T.C.U.U.P. Jal Nigam
Karwi-Chitrakoot